# विकास की गति के लिए पर्यवेक्षण, निरीक्षण, अन्वेषण जरूरीः राज्यपाल




## उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि जनजातीय समुदाय को विकास के अधिकतम अवसर उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा है कि सबका साथ और सबका विकास, समावेशी समाज का आधार है। राज्यपाल श्री पटेल आज राजभवन में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जनजातीय छात्र-छात्राओं के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि जनजातीय विकास और कल्याण प्रयासों को प्रेरक दृष्टिकोण के साथ क्रियान्वित किया जाना चाहिए। देश में सर्वाधिक जनजातीय आबादी वाला राज्य होने के कारण प्रदेश का दायित्व है कि जनजातीय विकास और कल्याण के कार्य आदर्श स्वरूप में संचालित हों। उन्होंने पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं पीएचडी छात्रवृत्तियों के प्रावधानों को केंद्र सरकार की योजनाओं के अनुसार किए जाने की जरूरत बताई है। उन्होंने जनजातीय समुदाय की मेधावी प्रतिभाओं के माध्यम से समुदाय के युवाओं और भावी पीढ़ी को प्रेरित करने की जरूरत बताई है। उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि जनजाति क्षेत्रों में निर्धारित पाठ्यक्रमों के साथ ही जनजातीय विषयों के अध्ययन की व्यवस्था पर विशेष बल दिया जाना चाहिए।

भोपाल (काप्र)।

**राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि पेसा अंतर्गत ग्राम सभाओं को प्रभावी बनाने के लिए उनको हैन्ड होल्डिंग सपोर्ट उपलब्ध कराने की संभावनाओं का परीक्षण किया जाना चाहिए।**

सभी ग्राम सभाओं द्वारा पेसा एक्ट के प्रावधानों का सफलता पूर्वक उपयोग किया जाए। समुदाय विकास के पथ पर समान रुप से सबके साथ आगे बढ़े। इस संबंध में जन-जागृति के साथ जन-जागरण के लिए विभागीय स्तर पर पहल की जानी चाहिए।

श्री पटेल राजभवन में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में चर्चा कर रहे थे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह भी मौजूद थी। राज्यपाल ने कहा है कि विकास की गति बनाए रखने के लिए पर्यवेक्षण निरीक्षण और अन्वेषण के कार्यों की निरंतरता जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निर्माण कार्य के निरीक्षण के साथ ही आवंटित राशि के उपयोग का पर्यवेक्षण जरूरी है। साथ ही आवास की डिजाइनिंग, हवा और रोशनी की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए जमीनी हकीकतों और व्यावहारिक कठिनाइयों के समाधानों का अन्वेषण भी किया जाना चाहिए। उन्होंने पेसा एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि पेसा एक्ट के तहत ग्रामसभा के सशक्तिकरण प्रयासों पर विशेष बल दिया जाए। ग्राम सभाओं को उनके अधिकारों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाए। जरूरी है कि ग्रामसभा सशक्तिकरण के कार्य सकारात्मक दृष्टिकोण और नवीन विचारों के साथ योजनाबद्ध ढंग से किए जाएं। श्री पटेल ने टी.बी. उन्मूलन के लक्ष्य की प्राप्ति वर्ष 2025 तक करने के लिए पूर्ण एकाग्रता के साथ प्रयासों की जरूरत बताई। क्षय रोगियों को पोषण आहार की उपलब्धता के लिए निक्षय मित्र योजना को विस्तारित करने के लिए कहा है। इस कार्य में व्यापारिक और व्यावसायिक संगठनों के साथ समन्वय करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास प्रयासों पर चर्चा के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान अभूतपूर्व पहल है। योजना की मंशा विशेष पिछड़ी जनजातियों के जीवन को खुशहाल बनाना है। योजना की सफलता के लिए जरूरी है कि संवेदनशील दृष्टिकोण और गुणात्मक गुणवत्ता के साथ विकास के कार्य किए जाएं।

# स्वर्णकार समाज के आराध्य अजमीढ़ देव की जयंती धूमधाम से मनेगी



**भोपाल।** स्वर्ण कला बोर्ड के अध्यक्ष दुर्गेश सोनी की अध्यक्षता में स्वर्णकार समाज मध्य प्रदेश के प्रमुख संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक में स्वर्णकार समाज के आराध्य देव भगवान अजमीढ देव की जयंती में नवनिर्मित महाराजा अजमीढ देव मूर्ति स्थल पर 17 अक्टूबर को मनाने का निर्णय हुआ सोनी महापंचायत के प्रदेश संयोजक धीरज सोनी ने बताया अजमीढ देव के कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी, संगठनों के प्रमुख, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं पत्रकार बंधुओ को भी सम्मानित किया जाएगा। इस हेतु संचालन समिति प्रमुख कैलाश सोनी स्वर्णकला बोर्ड के अध्यक्ष दुर्गेश सोनी की अनुशंसा पर नियुक्त कर कार्यकारणी में अरविंद सोनी पोलाय कला,बालमुकुंद सोनी गंजबासौदा, मनोज सोनी भोपाल,विकास सोनी बड़कुल, स्वर्णकार बीमा मंच के संस्थापक राजकुमार सोनी, विदिशा पार्षद संतोष सोनी, महिला प्रमुख श्रीमती रेखा सोनी, कमल सोनी मांगलिया, दिनेश बडोनिया, संतोष सोनी रायसेन, वीर सिंह चौहान, रजनीश सोनी, मनीष सोनी, नितिन सोनी, राजेंद्र सोनी इटारसी, अमित सोनी पत्रकार गंजबासौदा और वरिष्ठ पत्रकार को उत्सव सोनी झाबुआ को नियुक्त किया है।

## मनीष मंडलिक बने प्रांतीय अध्यक्ष

भोपाल (काप्र)।

मध्य प्रदेश सिंचाई जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब के चुनाव हाल ही में कार्यालय मुख्य अभियंता चंबल बेतवा कछार जल संसाधन विभाग परिसर भोपाल में संपन्न हुआ। क्लब के तीन पदों के लिए निर्वाचन निर्धारित था. इसमें प्रांतीय अध्यक्ष के पद पर मनीष मंडलिक भोपाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। प्रांतीय उपाध्यक्ष सतीश अग्रवाल भोपाल और प्रांतीय अंकेक्षक के पद पर अवधेश भटनागर ग्वालियर को निर्वाचित किए जाने पर सभी बधाइयां दी।



# महावीर इंटरनेशनल के भोपाल केंद्र का शुभारंभ



भोपाल (काप्र)।

**महावीर इंटरनेशनल के स्वर्णिम जयंती वर्ष ( 50 वें स्थापना वर्ष ) तथा भगवान महावीर स्वामी जी के 2550 वें निर्वाण महोत्सव वर्ष में महावीर इंटरनेशनल के भोपाल केन्द्र का शुभारंभ किया गया।**

रीजनल साइन्स सेंटर के भव्य सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण सबकी सेवा, सबसे प्रेम तथा जियो और जीने दो के मुख्य ध्येय वाक्य के साथ किया गया। हेमलता जैन रचना ने बताया कि इस कार्यक्रम में अमिताभ मन्या जैन ने अध्यक्ष, एम के जैन ने उपाध्यक्ष, मनोज जैन (एम के भारत) ने सचिव व चंद्रेश जैन ने कोषाध्यक्ष पद हेतु शपथ ग्रहण की। इसके साथ ही नव निर्वाचित टीम में डायरेक्टर पद हेतु शरद तामोट, आशीष भागवतकर, देवेश जैन, ज्योति स्वरूप जैन, प्रमोद जैन, पुष्पेंद्र जैन, भारती संजय जैन, सपन सराफ, शैलेंद्र जैन तथा यश जैन के साथ अन्य सदस्यों ने भी शपथ ली। भोपाल चैप्टर के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महावीर इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर अनिल जैन विशेष रूप से उपस्थित थे। आपने अपने सारगर्भित उद्बोधन में महावीर इंटरनेशनल की गतिविधियों, उद्देश्यों के साथ-साथ पारंपरिक व्यवसाय में नई पीढ़ी का महत्व जैसे महत्वपूर्ण विषय पर प्रकाश डाला साथ ही सभी सदस्यों से निस्वार्थ भाव से सेवा करने का अनुरोध कर मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि मनोज श्रीवास्तव (आईएएस) सेवा निवृत अपर मुख्य सचिव ने विकासशील देश में सांस्कृतिक मूल्यों का महत्व विषय पर अपने उद्गार व्यक्त किए साथ ही सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं के साथ-साथ महावीर इंटरनेशनल जैसी समाज सेवी संस्थाओं की देश के विकास में भूमिका व महत्व को बताया।

# संसदीय प्रणाली के कार्यकरण में समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका और दायित्वः तोमर



भोपाल (काप्र)।

**मप्र विधानसभा की वर्ष 2024-2025 के लिए नवगठित सभा समितियों की संयुक्त बैठक विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में मंगलवार को विधानसभा के मानसरोवर सभागार में आयोजित की कई। मप्र विधानसभा की कुल 23 समितियां है, जिसमें से 2 का गठन अभी नहीं हुआ है।**

बैठक में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, लोकलेखा समिति के सभापति भँवर सिंह शेखावत, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति के सभापति बिसाहू लाल सिंह अन्य सभी समितियों सभापति, सदस्यगण, विधानसभा के प्रमुख सचिव ए.पी.सिंह उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने बैठक में कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का राज्य में क्रियान्वयन, आयुष्मान भारत योजना का राज्य में क्रियान्वयन और नई न्याय संहिता के विषय में विधानसभा की समितियों का गठन होना चाहिए। इसके लिए नियम समिति विचार करके रूपरेखा शीघ्र प्रस्तुत करेगी। हम सभी मध्यप्रदेश की विधानसभा के सदस्य हैं और हम सभी जनता के प्रति जवाबदेह भी हैं। सदन की समितियों की गरिमा को बढ़ाना भी हम सभी का सदस्यों का दायित्व हैं।श्री तोमर ने कहा कि जब हम सभा की समिति के सदस्य के रूप में होते हैँ तो यह ध्यान रखना है कि हम सभी समितियों के पूरक हैं। कोई समिति बड़ी नहीं है, कोई छोटी नहीं है, सभी की अपनी अपनी भूमिका और दायित्व है। सबकी प्रतिष्ठा और आकार-प्रकार एक तरह का है। सभी समितियों के लिए आचार संहिता तैयार की कई है। आपने कहा कि समितियां पक्ष-विपक्ष के उपर होती है, हमें समिति का सदस्य रहते हुए, समिति की बैठक में शामिल होते हुए कई प्रकार के लोभ का संवरण करना चाहिए तभी समितियों की उत्कृष्टता बढ़ती है।

श्री तोमर ने कहा कि विधानसभा के सत्र में उपस्थिति और वहां विषय को उठाना जितना महत्वपूर्ण है उतना ही महत्वपूर्ण समितियों के विषय होते हैं। इसलिए सभी समिति सदस्यों को गंभीरता से इसमें भाग लेना चाहिए। समितियों का सदुपयोग पूरे राज्य के लिए हो इस पर सभी समिति सदस्यों को अपनी भूमिका निभाना चाहिए। श्री तोमर ने कहा कि समितियों के पास लंबित कार्य न रहे इस पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी है। इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि समितियों की समय-समय पर बैठकें हों।

## मुख्यमंत्री ने दिए सिंगरौली घटना की जाँच के निर्देश

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगरौली में एक कृषक की हत्या की घटना को दु:खद बताते हुए जिला प्रशासन को जाँच एवं आरोपियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज है। सिंगरौली में हुई घटना में एक किसान की हत्या का जो मामला सामने आया है, वह गंभीर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रभावित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने सिंगरौली की घटना के संबंध में जिले के प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पत्तिया उइके को घटना स्थल पर जाकर शोकाकुल परिवार से भेंट करने एवं घटना की वस्तुस्थिति जानने के निर्देश भी दिए हैं।

### बिजली चोरी प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करें: तोमर

बिजली चोरी के प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करें। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश मंगलवार को मंत्रालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा में दिये। उन्होंने कहा कि बिजली बिलों की वसूली तत्परता से करें। साथ ही उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति भी सुनिश्चित करें। समय पर मेंटनेन्स हो। श्री तोमर ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं का ई-केवायसी करवायें।


# बड़ी संख्या में हटाए अतिक्रमण तीन ट्रक सामग्री जब्त

भोपाल (काप्र)।

**नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही बड़ी संख्या में अतिक्रमणों को हटाया और 03 ट्रक विभिन्न प्रकार की सामग्री जप्त की।**



निगम अमले ने जिला प्रशासन की कार्यवाही में सहयोग करते हुए अरेरा कालोनी क्षेत्र में निजी भूखण्ड पर किए गए कब्जे को भी हटाने की कार्यवाही की। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन द्वारा अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही सख्ती के साथ करने के निर्देशों के परिपालन में निगम के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने मंगलवार को 10 नंबर मार्केट, बांसखेड़ी, एमपी नगर जोन-2, अशोका गार्डन मंडी, रेल्वे स्टेशन, खजूरीकलां, गुड शेफर्ड कालोनी, कोलार 80 फिट रोड, बंजारी चौराहा, मंदाकिनी परिसर, जेके पुलिया, 99 सिग्नेचर के पास, कोलार ग्रीन स्कूल के समीप तथा ई-8 अरेरा कालोनी आदि क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए 10 नंबर मार्केट में अवैध रूप से अतिक्रमण कर खड़े किए गए ठेले, गुमठी, काउंटर सहित 02 ट्रक सामान जप्त किया साथ ही अवैध रूप से बनी 03 झुग्गियां भी हटाने की कार्यवाही की। निगम अमले ने बांसखेड़ी क्षेत्र स्थित स्टेट बैंक के सामने वाले फुटपाथ एवं आसपास से अतिक्रमणों को हटाते हुए ठेले, गुमठी, काउंटर, तखत, प्लास्टिक कैरेड, कोल्डड्रिंक कैरेड, लोहे की बेंच, फायबर स्टूल आदि सहित 01 ट्रक सामान जप्त किया। निगम अमले ने एम.पी.नगर जोन-2 स्थित आकाश कोचिंग के सामने पार्किंग में अवैध रूप से खड़े 06 ठेलों सहित अन्य प्रकार का सामान जप्त किया। इसके अलावा निगम अमले ने अशोका गार्डन मंडी क्षेत्र से 03 स्टूल, काउंटर, 01 पान की गुमठी, खजूरी कलां से 2 काउंटर जप्त किये तथा अन्य क्षेत्रों से हाथ ठेले, सब्जी की दुकानें, फूड काउंटर के अतिक्रमणों को हटाया।



## हांका पार्टी द्वारा भी 25 पशुओं को निगम सीमा के बाहर हांका

नगर निगम द्वारा सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं को पकड़कर कांजी हाउसों एवं गौशाला भेजने की कार्यवाही मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 23 पशुओं को कांजी हाउस में भेजा तथा हांका पार्टी ने भी 25 पशुओं को निगम सीमा के बाहर भेजा। निगम अमले ने कांजी हाउस में बंद 23 पशुओं को गौशाला भेजने की कार्यवाही भी की। निगम की गौवर्धन परियोजना शाखा के दलों ने लालघाटी, साकेत नगर, अयोध्या बायपास, ई-7 अरेरा कालोनी, नेहरू नगर आदि क्षेत्रों में सड़कों पर स्वतंत्र रूप से विचरण कर रहे 23 पशुओं को कांजी हाउस में भेजा। निगम आयुक्त के निर्देश पर गठित हांका पार्टी ने रत्नागिरी, अयोध्या बायपास रायसेन रोड पर कार्यवाही करते हुए स्वतंत्र विचरण करने वाले 25 पशुओं को हांककर निगम सीमा के बाहर किया। इसके अतिरिक्त निगम अमले ने 23 पशुओं को कांजी हाउस से गौशाला भेजने की कार्यवाही भी की।


## कार्यालय नगर निगम भोपाल (विद्युत शाखा)

**प्रथम तल आई.एस.बी.टी. भवन, होशंगाबाद रोड हबीबगंज भोपाल 462023**

**निविदा आमंत्रण घोषणा पत्र**

**क्र. 411/वि.शा./2024** **भोपाल दिनांक 02.09.2024**

निम्नलिखित कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार मोहरबंद निविदाएं निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | आनलाईन टेण्डर नं. | कार्य स्थल का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत | ठेकेदार की श्रेणी | कार्यहेतु निर्धारित एसओआर | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_UAD_289417_3 | Providing and Fixing High Mast 12.5 Mtr at jain Nagar (Near jain Mandir) in w.No. 06 Zone No. 20 Bhopal (Third Call) | 3,27,263/- | 3,273/- | 2000/- | As per as tender Document | MPUADD Electrical issr 2021 | 1 Month |

**नियम व शर्तें:** 1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होंगे अन्य समस्त विस्तृत जानकारी पर www.mptenders.gov.in देखी जा सकती है।
2. किसी भी निविदा का स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित रहेगा।

**नि. क्र. 406/024/025** **सहायक यंत्री (विद्युत) नगर निगम भोपाल**



## नाम परिवर्तन सूचना

मेरा पूर्व में नाम राजकुमार लालवानी (Rajkumar Lalwani) पुत्र खटूमल शौकतमल लालवानी (Khattumal Saukatmal Lalwani) था जो मेरे पूर्व में बने पासपोर्ट पर दर्ज है। अब मेरे पिता का नाम बदलकर मेरा पूरा एवं सही नाम राजकुमार लालवानी (Rajkumar Lalwani) पुत्र खटूमल लालवानी (Khattumal Lalwani) निवासी प्लॉट नंबर 52,फर्स्ट फ्लोर सृष्टि अपार्टमेंट, वल्लभ नगर भोपाल (मध्य प्रदेश) 462030 हो गया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

1724



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री वि/यॉ लोक निर्माण विभाग

**वि./यॉ. संभाग क्र.-2, बारह दफ्तर परिसर, जवाहर चौक, भोपाल (म.प्र.)**

सूचना प्रकाश क्रमांक 08/व.ले.लि./2024-25 **निविदा सूचना** भोपाल, दिनांक-29/08/2024

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

| क्र. | पोर्टल टेण्डर क्रं. | एन.आई.टी.क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | ठेके की अनु. राशि (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_PWDRB_366451_1 | 13/SAC/2024-25 | वार्षिक विद्युत मरम्मत कार्य शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवन अंतर्गत उपसंभाग विदिशा जिला विदिशा | प्रथम आमंत्रण | 15.00 | 30000.00 | 2000.00 |
| 2 | 2024_PWDRB_366455_1 | 14/SAC/2024-25 | शिफिटंग डिसमेंटलिंग 11 केव्ही एल टी लाईन एवं ट्रांसफार्मर शिफिटिंग कन्स्ट्रक्शन आफ शमशाबाद, लटेरी बायपास (4.00 कि.मी.) जिला विदिशा | प्रथम आमंत्रण | 19.89 | 39780.00 | 2000.00 |
| 3 | 2024_PWDRB_366457_1 | 15/SAC/2024-25 | शिफिटंग डिसमेंटलिंग 11 केव्ही एल टी लाईन एवं ट्रांसफार्मर शिफिटिंग इन मनवाडा से रियाखेड़ी, रियाखेड़ी से रामपुरा बायां हटुआ रोड (8.00 कि.मी.) जिला विदिशा | प्रथम आमंत्रण | 12.18 | 24360.00 | 2000.00 |
| 4 | 2024_PWDRB_366458_1 | 16/SAC/2024-25 | इन्टालेशन ऑफ 63 के.व्ही.ए. ट्रासंफार्मर मेन पेनल केबलिंग वर्क कम्यूनिटी हेल्थ सेंटर नटेरन जिला विदिशा | प्रथम आमंत्रण | 7.14 | 14280.00 | 2000.00 |
| 5 | 2024_PWDRB_366459_1 | 17/SAC/2024-25 | इन्टालेशन ऑफ 100 के.व्ही.ए. ट्रासंफार्मर मेन पेनल केवलिंग वर्क कम्यूनिटी हेल्थ सेंटर पिपलखेड़ा जिला विदिशा | प्रथम आमंत्रण | 9.54 | 19080.00 | 2000.00 |
| 6 | 2024_PWDRB_366460_1 | 18/SAC/2024-25 | वार्षिक विद्युत मरम्मत कार्य शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवन ब्लाक बैतूल, चिचोली एवं भीमपुर अंतर्गत उपसंभाग बैतूल जिला बैतूल | प्रथम आमंत्रण | 10.00 | 20000.00 | 2000.00 |
| | | | योग:- | | 73.75 | | |

**नोट:-** निविदा विक्रय दिनांक 30/08/2024 प्रात: 10:30 बजे से निविदा विक्रय अंतिम दिनांक 17/09/2024 सांय 5:30 बजे तक एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। निविदा की निर्धारित तिथियों में या अन्य किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

**जी-15652/24** **इंजी. सुनील डेहारिया कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (वि./यॉ.) संभाग क्र.02, भोपाल**